पत्रांक

प्रेषकः–

प्राचार्य,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

सेवा में,

कार्यपालक अभियन्ता,
NBPDCL (North Bihar Power Distribution Company Ltd.)
मुजफ्फरपुर ।

मुज0 दिनांकः–

विषयः नव निर्मित छात्र छात्रावास भवन के अन्दर से गुजर रहे 33 KVA Wire (Dead Line) को हटवाने के संबंध में ।

महाशय,

उपरोक्त विषयक सूचित करना है कि BMSICL, Patna द्वारा चयनित संवेदक के द्वारा इस चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में एक नया छात्र छात्रावास भवन का निर्माण कार्य कराया गया है, जो पूर्ण हो चुका है ।

विदित हो कि उक्त नव निर्मित भवन के अन्छर से बनघारा फीडर 33 KVA Wire गुजर रहा है, जो विगत कई वर्षो से Dead है । छात्रो के सुरक्षा को देखते हुए उक्त नव निर्मित भवन को वर्तमान तक अधिग्रहण नही लिया गया है । जिसके लिए उक्त बनघारा फीडर 33 KVA Wire को हटाना/स्थानान्तरण करना अत्यन्त आवश्यक है ।

अतः अनुरोध है कि छात्रो के सुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त बनघारा फीडर 33 KVA Wire (Dead Line) को हटाने/स्थानान्तरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का कष्ट किया जाए, ताकि उक्त छात्रावास का अधिग्रहण कर अग्रतर कार्रवाई की जा सके ।

विदित हो कि आवश्यकता पडने पर उसमें व्यय होने वाले राशि का वहन BMSICL, Patna/संबंधित संवेदक द्वारा किया जाएगा । अतएव व्यय होने की स्थिति में नियमानुसार प्राक्कलन (Estimate) तैयार कर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट किया जाए, ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके ।

यह आपके सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

विश्वासभाजन

ह0/–
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

ज्ञापांकः– 1620/19 दिनांकः– 9/8/19

प्रतिलिपिः–1. प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

2. उप महाप्रबंधक (परि0), BMSICL, Patna को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

3. संबंधित संवदक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

4. कॉलेज वेबसाईट ।

9/8/19

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर